हरिभूमि

# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, गुरुवार 18 अप्रैल 2024

06 मां दुर्गा और प्रभु श्रीराम की भक्ति में डूबे नगरवासी...



09 नगर में धूमधाम से मनाया भगवान श्रीराम का...





## खबर संक्षेप

### होम वोटिंग एवं पोस्टर बैलेट कार्यों की समीक्षा

**विदिशा।** लोकसभा चुनाव के तहत होम वोटिंग एवं पोस्टर बैलेट के माध्यम से मतदान करने के संबंध में की जा रही तैयारियों की समीक्षा आज की जाएगी। बैठक कलेक्टेट के बेतवा सभागार में पूर्वान्ह 12 बजे से शुरू होगी। बैठक में लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों के समस्त रिटर्निंग आफीसर एवं तहसीलदार तथा नोडल आफीसर डाकमत पत्र वीडियो कांफ्रेसिंग के माध्यम से संवाद किया जाएगा। अपर कलेक्टर अनिल कुमार डामोर ने बताया कि जिला स्तर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी एवं समस्त नोडल आफीसर अपनी-अपनी जानकारियों के साथ-साथ नियत स्थल व समय पर उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे।

### मनीष निगम मेडिकल कॉलेज के नए डीन होंगे

**विदिशा।** लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा विदिशा के शासकीय अटल बिहारी वाजपेयी चिकित्सा महाविद्यालय में डॉक्टर मनीष निगम को डीन के पद पर नियुक्त करने के आदेश जारी किए गए हैं। डॉ मनीष निगम विदिशा मेडिकल कॉलेज में ही फोरेंसिक साइंस विभाग के एचओडी हैं। वे यहां साल 2018 से ही पदस्थ हैं। डॉ मनीष निगम अब नए आदेश के अनुसार निवर्तमान डीन डॉक्टर सुनील नंदेश्वर का स्थान ग्रहण करेंगे। मंगलवार को लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा इस संबंध में नए आदेश जारी कर दिए गए हैं।

### रिकार्ड संधारण संबंधी प्रशिक्षण कल

**विदिशा।** लोकसभा निर्वाचन के तहत जिले की समस्त विधानसभा क्षेत्रों में ईव्हीएम, व्हीव्हीपैट की कमीशनिंग, सीलिंग एवं रिकार्ड संधारण हेतु प्रशिक्षण कार्यक्रम शुक्रवार 19 अप्रैल को आयोजित किए गए है। विधानसभा स्तर पर आयोजित होने वाले उक्त प्रशिक्षण के लिए मॉनिटरिंग हेतु अधिकारी, कर्मचारी नियुक्त किए गए हैं। उप जिला निर्वाचन अधिकारी मोहिनी शर्मा को मॉनिटरिंग कार्य हेतु नियुक्त किया गया है। वहीं उनके सहयोग के लिए डाईट के व्याख्यता अजय श्रीवास्तव को अधिकृत किया गया है। इसी प्रकार 145 बासौदा के लिए डिप्टी कलेक्टर निकिता तिवारी को तथा सहयोग हेतु एसएटीआई डिग्री के सहायक प्राध्यापक चंद्रपाल सिंह को नियुक्त किया गया है।

### आर्जवसागर महाराज ने व्यक्त किए विचार

**विदिशा।** धर्म जिसके साथ होता है उसके सभी मित्र होते है। वह कहीं भी चला जाए सभी उसके अपने बन जाते हैं। मर्यादा पुरुषोत्तम राम जब तक आयोध्या में रहे वह सभी के प्रिय बनकर रहे और जब उन्होंने आयोध्या छोड़कर का जंगल की ओर गए तो वहां पर भी उनके सभी मित्र बन गए। यह बात आचार्य आर्जवसागर महाराज ने श्रीराम नवमी के अवसर पर प्रातःकालीन प्रवचनसभा में व्यक्त किए। उन्होंने राम कथा को विस्तार से सुनाते हुए कहा कि वचन के कारण राजा दशरथ ने राम को वनवास दिया। वह भी इस दुःख को झेल नहीं पाए तथा सब कुछ त्याग कर दीक्षा धारण कर ली।

## रंगबिरंगी रोशनी से सराबोर सिरोंज का महामाई दरबार



विदिशा। सिरोंज में माता महामाई के दरबार में सैकड़ों की संख्या में झालर और विद्युत सज्जा कर आकर्षक रूप से सजा गया है।

## बृज की प्रसिद्ध रासलीला में आज होगी महारास और फूलों की होली

### सिरोंज महामाई सेवा समिति सदस्यों ने दिया चूल का निमंत्रण

**विदिशा।** सिरोंज में महामाई माता मंदिर चल रहे 10 दिवसीय श्री विद्या शतचंडी दुर्गा महायज्ञ एवं 15 दिवसीय मेले का आज समापन होगा। मातारानी की महाआरती के बाद कन्याभोज एवं भंडारा होगा। सनातन धर्म के लोगों को पई-पान-चूल का निमंत्रण दिया गया है। इस विशाल भंडारे में नगर एवं आसपास की तहसीलों से भी श्रद्धालु पहुंचते हैं। हर साल लगभग 1 लाख से भी ज्यादा श्रद्धालु पहुंचते हैं। लेकिन इस बार दशमी को अत्याधिक विवाह आयोजनों के कारण बर्तन एवं अन्य संसाधनों की कमी को देखते हुए स्टॉल लगाकर प्रसादी बांटी जाएगी। महामाई समिति के सेवादार लोग परोसदारी व्यवस्था में लगाए गए हैं। वहीं दोपहर में महायज्ञ की पूर्णाहूति के साथ ही परिसर में रामलीला हेतु बने विशाल डोम में वृंदावन से आए कलाकारों द्वारा राधा-कृष्ण के स्वरूपों पर आधारित ब्रज की प्रसिद्ध फूलों की होली एवं महारास की लीला प्रस्तुत की जाएगी। महामाई माता की परिक्रमा के साथ देवी पूजन व नवकन्या पूजन होगा। रामलीला के समापन पर 30 फीट ऊंचे रावण का दहन किया जाएगा। रामलीला का समापन रात में होगा। श्री गौरांग प्रेमरस रासलीला माधुरी संस्थान के कलाकारों द्वारा रावण वध, रावण दहन के बाद भगवान श्रीराम के राज्याभिषेक की प्रस्तुति होगी। इस अवसर पर राघोगढ़ की सतरंगी आतिशबाजी का नजारा दर्शनार्थियों को देखने को मिलेगा। प्रतिदिन देर रात तक महामाई मंदिर पर शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों के श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी रहती है।

### लोकसभा प्रत्याशी पूर्व सीएम शिवराज सिंह चौहान बालाजी मंदिर और बेतवा त्रेवणी घाट पहुंचे

# पूर्व सीएम ने कांग्रेस पर बोला हमला

हरिभूमि ⏭ विदिशा/ ग्यारसपुर



विदिशा। पूर्व मुख्यमंत्री और लोकसभा प्रत्याशी शिवराज सिंह चौहान ने सोनियां और राहुल गांधी पर साधा निशाना।

ग्यारसपुर के हैदरगढ़ में लोकसभा सांसद प्रत्याशी शिवराज सिंह चौहान ने जनसभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस पर हमला बोलते हुए कहा कि पहले नेता कांग्रेस की सोनिया गांधी हैं, दूसरे नेता राहुल गांधी हैं जो अमेठी से लड़ते थे। राहुल गांधी रणछोड़ हो गए हैं, अब अमेठी छोड़कर वायनाड चले गए।

कांग्रेस पर तंज कसते हुए उन्होंने कहा जिसका जहां पर नरा गढ़ा हो वहीं से चुनाव लड़ना चाहिए। परंतु राहुल गांधी तो रण छोड़कर चले गए। उन्होंने कहा है कि कांग्रेस को वोट देने में कोई फायदा नहीं है। जब हमने योजना बनाई तो उसमें किसी प्रकार का कोई भेदभाव नहीं किया। सभी धर्म सभी जातियों के लिए समान रूप से योजना का लाभ दे रहे हैं। मेरा सपना है की लाड़ली बहने लखपति बहनें बने उसके लिए हम दिन-रात मेहनत कर रहे हैं कि हमारी बहनें आर्थिक रूप से संपन्न बनें। भारत दुनिया का नेतृत्व करेगा और दिशा देगा। हैदरगढ़ का स्थानीय मुद्दा उठाते हुए उन्होंने मंच के माध्यम से कहा है कि हैदरगढ़ क्षेत्र पूरा सूखाग्रस्त है। मेरे किसानों के लिए खेती करने के लिए पर्याप्त पानी की व्यवस्था नहीं है। इसलिए हम और हमारी सरकार इस प्रकार की व्यवस्था करेंगे कि छोटे-छोटे बांध बनाकर क्षेत्र की किसानों को पर्याप्त मात्रा में पानी देने का प्रयास करेंगे। जनता की सेवा ही मेरी पूजा है। दो करणों से मैं राजनीति में आया हूं हमारा देश आगे बड़े और तरक्की करें, बड़ा काम करना है तो बड़ी पार्टी में आना पड़ेगा। इस दौरान मंच पर क्षेत्र के कांग्रेसी विचारधारा के सरपंच एवं कांग्रेस कार्यकर्ताओं के द्वारा भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। जनसभा में विधायक हरि सिंह रघुवंशी, विधायक हरिसिंह सप्रे, जिपं में सांसद प्रतिनिधि कैलाश रघुवंशी, जिलाध्यक्ष राकेश सिंह जादौन, पूर्व विधायक लीना जैन, जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि बृजेश लोधी आदि मौजूद रहे।

### रामनवमी पर किए मंदिरों के दर्शन

श्री रामनवमी के अवसर पर भाजपा उम्मीदवार शिवराज सिंह चौहान पत्नि साधना सिंह के साथ अंदरकिला स्थित प्राचीन श्रीबालाजी व्यंक्टेश मंदिर पहुंचे। जहां उन्होने मंदिर पहुंचकर पूजा अर्चना कर माइक से संबोधित किया और भजन भी गाए। करीब एक घंटे से अधिक समय उन्होंने मंदिर में बिताया। इस दौरान मंदिर के पुजारियों सहित श्रद्धालुओं से उन्होने चर्चा की और भगवान श्रीराम के जीवन पर अपने विचार व्यक्त किए। श्रीरामनवमी के अवसर पर पूर्व मुख्यमंत्री चौहान बालाजी मंदिर के बाद बेतवा नदी त्रिवेणी घाट स्थित प्राचीन वनवासी राममंदिर भी पहुंचे। इसके बाद जतरापुरा श्रीराम जानकी मंदिर भी पर गए। इस दौरान विधायक मुकेश टंडन, श्यामसुंदर शर्मा, भाजपा बैसनगर मंडल अध्यक्ष दिनेश कुशवाह और बैत्रवती मंडल अध्यक्ष पंकज पांडे सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## उमारिया गांव के रहवासियों ने किया चुनाव का बहिष्कार

हरिभूमि न्यूज ⏭ शमशाबाद

मूलभूत सुविधाएं न मिलने से नाराज ग्राम पंचायत कोलुआ के मतदाताओं ने मतदान का बहिष्कार कर दिया है। ग्रामीणों ने एसडीएम को ज्ञापन भी सौंपा है।

शमशाबाद तहसील के ग्राम उमारिया छापर मतदान केन्द्र क्रमांक 61 ग्राम पंचायत कोलुआ के मतदाताओं ने एसडीएम अजय प्रताप सिंह को कलेक्टर के नाम ज्ञापन दिया। जिसमें कहा गया है की गांव में आजादी के बाद से आज तक न तो किसी प्रकार की सुविधाएं मुहैया कराई गई हैं। गांव मुख्य सड़क से नहीं जोड़ा गया। गांव बिजली जैसी गंभीर समस्याओं से जूझ रहा है। बारिश में प्रसव या अन्य किसी बीमारी होने पर ग्रामीणों को परेशान होना पड़ता है। गांव में बिजली व्यवस्था न होने के कारण इस गांव के छात्र छात्राएं शिक्षा से वंचित रह जाते हैं।

ग्रामीणों ने बताया की हमारे गांव की समस्याएं हल नहीं हुई तो लोकसभा चुनाव में मतदान नहीं करेंगे। मतदान केन्द्र 61 उमरिया में 570 मतदाता हैं। ग्रामीण राजेश यादव, रघुनंदन यादव, हरनाम सिंह यादव, राम गोपाल , विक्रम सिंह, लखन अहिरवार, विमलेश अहिरवार, गुमान बंजारा, बृज किशोर सहित दो दर्जन से अधिक ग्रामीणों ने मतदान के बहिष्कार की बात कही है।

## कुख्यात आरोपी को भोपाल जेल भेजा

**विदिशा।** नटेरन पुलिस ने दहशत फैलाने वाले कुख्यात शराब तस्कर व आदतन आरोपी जितेन्द्र कुशवाह उर्फ जित्तू को राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के अंतर्गत गिरफ्तार कर केन्द्रीय जेल भोपाल भेज दिया है। थाना प्रभारी आशुतोष सिंह राजपूत ने बताया की आरोपी जितेन्द्र उर्फ जित्तू पिता मूलचंद कुशवाह उम्र 35 साल निवासी जोगी किरोंदा थाना नटेरन हाल निवासी सिरोंज चौराह को 28 मार्च को गिरफ्तार कर उपजेल बासोदा भेजा गया था। आरोपी के रिकॉर्ड का अवलोकन किया गया तो उसके खिलाफ नटेरन, बासोदा, त्योंदा में कुल 30 आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं। 8 प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई हैं। वह चोरी, अवैध हथियार रखना, फायर करना, अड़ीबाजी, हत्या का प्रयास व अवैध शराब बेचना सहित कई गंभीर अपराध कर चुका है। इसके बाद भी उसके चरित्र में कोई सुधार नहीं आया, इसलिए यह कार्रवाई की गई है।

## कार्तिक चौक पर भक्तों ने अयोध्या में विराजित रामलला जैसी प्रतिमा के स्वरूप की उतारी आरती





विदिशा। रामनवमी के अवसर पर रामजानकी और हनुमान मंदिरों में दिनभर पूजा अर्चना का दौर चला। वहीं कार्तिक चौक पर रामलला के स्वरूप की प्रतिमा की महाआरती की गई। शाम 7:30 बजे बड़ी संख्या में रामभक्त कार्तिक चौक पर एकत्रित हुए और हुबहू अयोध्या में विराजे रामलला जैसी प्रतिमा की आरती की गई।

### पठारी पुलिस ने छह घंटे में किया मां के हत्यारे को गिरफ्तार

## 75 वर्षीय बुजुर्ग मां ने खाते से रुपए निकालकर नहीं दिए तो बेटे ने डंडे से पीटकर कर दी हत्या

- पुलिस की पूछताछ में आरोपी बेटे ने जुर्म कुबूल किया।

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

बुजुर्ग मां को रुपयों के लिए मौत के घाट उतारने वाले बेटे को पठारी पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पठारी तहसील के पलीता गांव में 75 वर्षीय घसीटीबाई पति परमोली अहिरवार का शव घर के आंगन में पड़ा मिला था। मामला हत्या का होने के चलते कुरवाई एसडीओपी मौके पर पहुंचे और परिवार के लोगों से पूछताछ की।

### घटना वाले दिन मां को खाना भी नहीं दिया था

मृतक के बड़े बेटे भारत ने बताया की मां छोटे भाई दुर्गा अहिरवार के साथ रहती थी। भारत इंदौर में रहकर चॉकलेट फैक्ट्री में काम करता है। वह अपनी पत्नी और बच्चों के साथ 15 अप्रैल की शाम को ग्राम पलीता आया था। 16 तारीख की सुबह घसीटीबाई बिस्तर पर पड़ी मिली। 17 तारीख को गांव के लोगों ने बताया कि मां द्वारा बैंक खाते से पैसे नहीं निकालकर देने पर भाई दुर्गा अहिरवार ने मां घसीटीबाई के साथ मारपीट की थी। जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर आरोपी दुर्गा उर्फ दुर्गाप्रसाद अहिरवार पिता परमोली उम्र 42 वर्ष निवासी से पूछताछ की तो उसने अपना जुर्म स्वीकार किया। आरोपी बेटे को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया है। बड़े बेटे ने बताया की भाई मां को खाना भी नहीं देता था। जब दुर्गा ने अपनी मां के साथ मारपीट की थी तब भी उसे खाना नहीं दिया था। जिसके कारण उसकी मौत हो गई।

### आबकारी की जांच में नए शराब ठेकेदार की मनमर्जी उजागर

## पांच दुकानों पर विक्रय मूल्य से अधिक दाम पर शराब बेचने की शिकायत सही पाई गई

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

एक अप्रैल से जिलेभर की शराब दुकानें एक ही ठेकेदार की होने के बाद ठेकेदार द्वारा विक्रय मूल्य से अधिक दाम पर शराब बेचने की लगातार शिकायतों के बाद आबकारी विभाग के अधिकारी ने शराब दुकानों की जांच कराई तो शिकायत सही पाई गई।

नए शराब ठेकेदार द्वारा मनचाहे दामों पर शराब बेची जा रही है। शराब दुकानें भी तय समय से पहले ही खुल जाती हैं।

### लाइसेंस निलंबन के साथ जुर्माना होगा

जिला आबकारी अधिकारी विनय रंगशाही ने बताया की जिलेभर की शराब दुकानों का ठेका श्रीस्वास्तिक रिद्वि ट्रेडर्स को मिला है। शिकायतों के आधार पर जांच कराई गई तो 5 शराब दुकान पीपलखेड़ा, हैदरगढ़, बरेठ, हॉजीपुर सिरोंज, भालबमोरा पर अधिकतम विक्रय मूल्य से अधिक दर पर शराब विक्रय किए जाने की शिकायत सही पाई गई। दुकान के लायसेंसी के विरूद्ध मप्र आबकारी अधिनियम के नियमों के उल्लंघन पाए जाने पर कार्रवाई कर विभागीय प्रकरण पंजीबद्ध कर कार्यालय में प्रस्तुत किया गया है। जिसके आधार पर लायसेंसी को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। उक्त प्रकरण में संबंधित शराब दुकानों का लायसेंस निलंबित कर शराब दुकानों को बंद करने एवं अन्य अनियमिताओं के लिए जुर्माने की कार्रवाई की जाएगी।

### धार्मिक आयोजनः किले अंदर में है महाराष्ट्रीयन समाज का 280 साल पुराना राम मंदिर

## राममंदिर में हुआ सूर्य किरणों से मस्तकाभिषेक

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

किलेअंदर में 280 वर्ष प्राचीन समर्थ मठ श्रीराम मंदिर में बुधवार को रामनवमीं के उपलक्ष्य में भगवान राम का सूर्य की किरणों से मस्तकाभिषेक किया गया। मंदिर के बाहर कांच के रिफ्लेक्शन से मंदिर के गर्भगृह में स्थापित प्रतिमा के मुख तक सूर्य की किरणें पहुंचाई जाती हैं। बुधवार को ठीक दोपहर 12 बजे राम मंदिर में सूर्य की किरणों पहुंचाई गईं।

किले अंदर में समर्थ मठ श्री राम मंदिर 280 वर्ष पूर्व स्थापित हुआ था। वर्तमान में संत श्री राजाराम महाराज की 6वीं पीढ़ी के विनोद देशपांडे मंदिर की सेवा कर रहे हैं। देर रात तक मंदिरों में धार्मिक आयोजन हुए।



विदिशा। भगवान राम के दर्शनों के आतुर खड़े सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु।



विदिशा। रामनवमीं के अवसर पर नगर के मुख्य मार्गों से रघुवंशी समाज द्वारा जुलूस निकाला गया। इसमें भगवान राम की भव्य प्रतिमा रखी गई। वहीं कलाकारों ने राधा कृष्ण के वेश में शोभायात्रा के दौरान नृत्य किया।

## खबर संक्षेप

### नगर में लगाई जा रहीं नई स्ट्रीट लाइट



**गंजबासौदा।** इन दिनों नगरपालिका द्वारा हाईड्रोलिक मशीन की सहायता से नगर के सभी मुख्य मार्गों,चौक चौराहों एवं गलियों में लगे विद्युत खंभों पर नवीन स्ट्रीट लाइट लगाई जा रही है। जिससे रात्रि के समय सड़कों पर दूधिया रोशनी दिखाई दे रही है। जिससे वाहन चालकों, पैदल राहगीरों को आवागमन में परेशानी का सामना नहीं करना पड़ रहा है।

### शराब ठेकेदार को कारण बताओ नोटिस जारी

**गंजबासौदा।** श्री स्वास्तिक रिद्धी ट्रेडर्स द्वारा मदिरा दुकान के शासन के निर्धारित मदिरा विक्रय के अधिकतम दरों से अधिक मूल्य पर मदिरा विक्रय, मदिरा दुकानों का निर्धारित समय से पूर्व खुला होना, निर्धारित समय के पश्चात मदिरा दुकानों का खुला होने की जानकारी प्राप्त होने पर जिला आबकारी अधिकारी विनय रंगशाही द्वारा संबधित वृत्त प्रभारी अधिकारी को जांच करने हेतु निर्देशित किया गया था। जिसके बाद प्रभारी अधिकारी द्वारा मदिरा दुकान की जांच की गई। जाँच के दौरान बरेठ में अधिकतम विक्रय मूल्य से अधिक दर पर मदिरा विक्रय किये जाने की शिकायत सही पाए जाने पर दुकान के लायसेंसी के विरुद्ध मप्र आबकारी अधिनियम के नियमों के उल्लंघन पाये जाने पर विधि अनुसार कार्रवाई कर विभागीय प्रकरण पंजीबद्ध कर कार्यालय में प्रस्तुत किया गया है। जिसके आधार पर लायसेंसी को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। उक्त प्रकरण में संबधित मदिरा दुकानों का लायसेंस निलंबित कर मदिरा दुकानों को बंद करने एवं अन्य अनियमितताओं के लिये आर्थिक जुर्माने से भी दण्डित करने की कार्रवाई की जायेगी।

### पुष्पा जैन का निधन


**गंजबासौदा।** स्वर्गीय लक्ष्मीचंद जैन की पत्नी एवं महेश जैन, राजू जैन की माताजी व हैप्पी संस्कार की दादी पुष्पा जैन का बुधवार को स्वर्गवास हो गया है। जिसकी अंतिम यात्रा सुबह 10:30 बजे निज निवास बरेठ रोड IDBI बैंक के सामने से निकाली गई। जिसमें अनेक गणमान्य नागिरकों ने शामिल होकर दो मिनट का मौन धारण कर दिवंगत आत्मा को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

### राजाराम ठाकुर का निधन

**गंजबासौदा।** स्वर्गीय रविंद्र सिंह ठाकुर राजू मास्टर एवं भानु प्रताप सिंह ठाकुर एचडीएफसी बैंक वालों के पिताजी एवं तेजस, यजुर्व ठाकुर के दादाजी राजाराम ठाकुर रिटायर पटवारी साहब का आकस्मिक निधन हो गया। जिनकी अंतिम यात्रा निज निवास स्थान दाद्जी प्लाजा वाली गली से शाम के समय पाराशरी विश्राम घाट के लिए निकाली गई। जिसमें अनेक गणमान्य नागिरकों ने शामिल होकर दो मिनट का मौन धारण कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

## नगर में दिन भर होते रहे हवन और भंडारे के आयोजन

# मां दुर्गा और प्रभु श्रीराम की भक्ति में डूबे नगरवासी, निकला भव्य चल समारोह












हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

चैन नवरात्रि के नौवे दिन नवमी को अल सुबह से देर रात तक मां दुर्गा के मंदिरों में पूजन अर्चन करने श्रद्धांलुओं का तांता लगा रहा। नगर के शीतला शक्तिधाम में नवरात्रि के समय आकर्षक साज सज्जा की गई। माता रानी की पूजन अर्चन करने श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ती रही। मंदिर प्रांगण में विशाल कन्या भोज का आयोजन हुआ। वहीं शाम के समय नगर के अनेक वार्डों से जवारे निकाले गए जिनका शीतला शक्ति धाम मंदिर के पीछे पाराशरी घाट पर विसर्जन किया गया।

वहीं प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी रामनवमी पर मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम का जन्म उत्सव बड़े ही हर्षोल्लास से मनाया गया। रघुकुल युवा परिषद एवं राम जन्मोत्सव समिति के द्वारा शाम के समय बरेठ रोड स्थित रघुवंशी धर्मशाला से भव्य शोभायात्रा निकाली गई जो जयस्तंभ चौक सहित नगर के मुख्य मार्गों से होते हुए निकली और पुनः रघुवंशी धर्मशाला पहुंची। जहां राम, जानकी की पूजन अर्चन के बाद प्रसादी का वितरण कर चल समारोह का समापन किया गया। चल समारोह के दौरान बाहर से आए कलाकारों द्वारा भगवान का भेष बनाकर मनोहारी नृत्य प्रस्तुत किया गया। वहीं एक रथ में भगवान श्रीराम, माता सीता, लक्ष्मण और हनुमान जी की सजीव झांकी विराजमान थी। चल समारोह का यादव समाज सहित अनेक सामाजिक संगठनों द्वारा अनेक स्थानों पर पूजन अर्चन कर एवं पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया। शोभायात्रा में भगवान श्री राम की प्रतिमा को रथ में सवार किया गया था और रथ को फूलों से सजाया गया। इस शोभायात्रा में श्रद्धालु भजन कीर्तन करते हुए चल रहे थे। वहीं युवा डीजे की धुन पर नाचते चल रहे थे। इस अवसर पर विधायक हरिसिंह रघुवंशी, नपाध्यक्ष शशि अनिल यादव, नपा सांसद प्रतिनिधि देवेन्द्र यादव, मनोज यादव, जनपद अध्यक्ष नीतू देवेन्द्र रघुवंशी सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक मौजूद थे।

वहीं प्रभु रामचंद्र का जन्म दिवस वार्ड नंबर 11 स्थित नौलखी मंदिर में धूमधाम से मनाया गया। जिसमें विधायक हरि सिंह रघुवंशी, भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ. राकेश जादौन, सांसद प्रतिनिधि देवेन्द्र यादव सहित सैकड़ों भक्तगण उपस्थित थे। वहीं अयोध्या में भगवान सूर्य ने रामलला का अभिषेक किया। ऐसी सुंदर कलाकृति के लाइव दर्शन कर श्रद्धालु रोमांचित हो उठे। इस अवसर पर नगर के वार्ड नंबर 7 के पिपलेश्वर मंदिर में भगवान श्री राम, लक्ष्मण, जानकी की आरती की गई। इस दौरान प्रदेश कार्य समिति सदस्य भाजपा राजेश तिवारी सहित अनेक श्रद्धालुगण मौजूद थे। उधर ग्राम उदयपुर में रामनवमी के अवसर पर विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल द्वारा श्री राम भगवान की मूर्ति का पूजन किया गया जिसमें में विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के अनेक कार्यकर्ता और ग्रामीण जन मौजूद रहे। उधर राम नवमी के अवसर पर वार्ड नंबर 24 काली माता मंदिर बालाजी दरबार में श्री रामचंद्र की आरती कथा व्यास शंभू कृष्णानंद महाराज द्वारा विधि विधान से करते हुए पूजन अर्चन मंत्र उच्चारण द्वारा की गई तथा श्री राम जन्मोत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। जिसमें मुख्य यजमान पार्षद अंशलेखा रोहित भावसार, रीता भावसार पुजारी विशाल दास वैष्णव, शिवम शर्मा, अरुण वैष्णव, सुनीता वैष्णव, सपना कुशवाहा, मंजू कुशवाहा, कलावती शर्मा, सलोनी शर्मा, हेमा सेन, सविता वैष्णव, शीतल गोस्वामी, सुमन आचार्य, सुनील जैन, बनवारी लाल नामदेव, छोटेलाल कुर्मी सहित अनेक वार्डवासी शामिल थे। वहीं वार्ड क्रमांक 2 स्थित अलकनंदा मंदिर में भी रामनवमी पूजन कर प्रसादी वितरण किया गया।

## एसजीएस कॉलेज में चलाया थैलेसीमिया सिकल सेल जागरुकता अभियान




हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

गत दिवस शासकीय संजय गांधी स्मृति स्नात्तकोत्तर महाविद्यालय में 14 एम बीएन एनसीसी विदिशा के सीईओ कर्नल विकास गुप्ता के निर्देशन में तथा महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. मणिमोहन मेहता के मार्गदर्शन में थैलेसीमिया सिकल सेल जागरूकता अभियान चलाया गया। जिसमें विषय विशेषज्ञ के रूप में विकास शर्मा द्वारा सर्वप्रथम सिकल सेल बीमारी के संबंध में जानकारी दी गई। उन्होंने बीमारी के लक्षण जैसे बुखार का लगातार आना, सांस लेने में कठिनाई, सीने में दर्द, पेट फूलना, तेज सिर दर्द, कमजोरी महसूस होना आदि बताए। इसके पश्चात आपने थैलेसीमिया मेजर थैलेसीमिया माइनर बीमारी के बारे में जानकारी दी तथा बीमारी के कारण, रोकथाम व बचाव के उपाय बताए गए। उन्होंने बताया कि थैलेसीमिया से बचाना है तो विवाह के पूर्व थैलेसीमिया की जांच अनिवार्य रूप से कराये। आज जिस तेजी से थैलेसीमिया बीमारी बढ़ रही है उसे रोकने हेतु जनजागरुकता अनिवार्य है। थैलेसीमिया सिकल सेल की जागरूकता के लिए एनसीसी कैडेट्स द्वारा रैली निकाली गई। जिसमें एनसीसी कैडेट द्वारा पंपलेट बांट कर सामान्य जन को जागरूक किया गया।

## शराबियों से छात्र-छात्राएं परेशान




हरिभूमि न्यूज ▶▶ त्योंदा

त्योंदा में शराब दुकान ठेकेदारों की दबंगई से गर्ल्स छात्रावास के पास धड़ल्ले से बिक रही है। इस ओर आबकारी विभाग के अधिकारी ध्यान नहीं दे रहे हैं। यहां उल्लेखनीय है कि शराब दुकान के पीछे ही प्राथमिक शाला एवं हाई सेकेंडरी स्कूल संचालित होते हैं। स्कूल के आसपास अनेक शराबी दिखाई देते हैं। कई बार शराबी नशे की हालत में स्कूली छात्र, छात्राओं के साथ अभद्रता करते हैं। त्योंदा वासियों ने बताया कि शराब की दुकान देर रात तक खुली रहती है। पालकों ने पुलिस प्रशासन से शराब ठेकेदार की मनमानी एवं शराबियों पर अंकुश लगाने की मांग की है।

## नौलखी धाम पर श्रमदान दल कर रहा सहयोग



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

नौलखी धाम में चल रहे श्री जगन्नाथ स्वामी प्राण प्रतिष्ठा एवं राम कथा महायज्ञ में पहुंच रहे श्रद्धालुओं के लिए मंदिर समिति द्वारा एवं विश्व हिंदू परिषद के प्रयासों से भरपेट भोजन के लिए भंडारे की भरपूर व्यवस्था निरंतर जारी है। भोजन प्रसादी की यह व्यवस्था सुबह 11 बजे से रात्रि 12 बजे तक निर्बाध रूप से जारी है, ताकि कोई भी भक्त खाली पेट वापस न आए। भोजन प्रसादी की व्यवस्था में बेतवा नदी स्वच्छता एवं संरक्षण के लिए कार्य कर रहे युवाओं का समूह श्रमदान दल के सदस्य भी पहले से दिन से निरंतर सहयोग कर रहे हैं। प्रतिदिन श्रमदान दल के तीस सदस्य शाम 7 बजे से रात्रि 9:30 बजे तक भंडारे में सहयोग कर रहे हैं। साथ ही भोजन अन्न की बर्बादी को रोकने के श्रमदान दल के सदस्यों ने जगह जगह जागरूकता संबंधी स्लोगनों के बैनर भी लगाए हैं। ज्ञात हो कि युवाओं का यह समूह पिछले तीन सालों से बिना किसी शासकीय सहायता के निस्वार्थ भाव से नदी जल स्वच्छता एवं संरक्षण के साथ पर्यावरण संवर्धन की दिशा में कार्य कर रहे हैं। इन समस्त गतिविधियों के लिए दल के सदस्य स्वयं ही धन एकत्रित करते हैं। श्रमदान दल नाम के इस समूह में शासकीय, अशासकीय कर्मचारियों के अलावा छोटे छोटे व्यापारी एवं स्कूल, कॉलेज के छात्र शामिल हैं।

## 'देवियां हमारे जीवन में सदा के लिए परिवर्तन चाहती हैं'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा



प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय मंशापूर्ण हनुमान मंदिर के पास स्थित सेवा केंद्र द्वारा चैतन्य देवी झांकी का आयोजन किया गया। जिसमें ब्रह्माकुमारी रेखा दीदी ने अपने विचार रखते हुए कहा कि हमारे अंदर जो असीम गुण और शक्तियां विराजमान है, उन्हें हम राजयोग के माध्यम से विकसित कर हमारा जीवन भी देवियों की तरह दिव्य और सभी दैवी शक्तियों से भरपूर कर सकते हैं। यह नवरात्रि पर्व सिर्फ उत्सव का पर्व ना होकर उत्सव के साथ साथ अपने जीवन को दैवी शक्ति से भरपूर करने का उत्सव है। ब्रह्माकुमारी रुकमणी दीदी ने चैतन्य देवियों का अध्यात्मिक अर्थ बताते हुए कहा कि नवरात्रि का पर्व सभी के जीवन में एक अहम भूमिका निभाता है।

पर्व की महत्ता इस हद तक है कि लोग नौ दिन तक संपूर्ण पवित्र रहते, संपूर्ण सात्विक भोजन करते हुए घर में अशुद्धि का पूर्णतया बहिष्कार करते हैं। निश्चित ही कितना महत्वपूर्ण त्यौहार इसको माना जा सकता है जो जीवन परिवर्तनीय है। आप अपने जीवन से इन बुराइयों को सदा के लिए दूर क्यों नहीं कर सकते। देवियां सिर्फ नौ दिन के लिए हमें इन बुराइयों से व्रत नहीं सिखाती है। दैवियां हमारे जीवन में नौ दिन के लिए नहीं बल्कि सदा के लिए परिवर्तन चाहती हैं। इस कलयुगी रूपी रात्रि में खुद को जगाने से ही और अपनी शक्तियों को जगाने से ही हम उस देवी स्वरूप दुर्गा, काली, गायत्री, कात्यायिनी, चंद्रघंटा आदि माताओं के जैसा बन पाएंगे। जितनी भी देवियों के नाम हैं सारे ही या तो गुणवाचक है या कर्तव्य वाचक हैं। किसी ना किसी गुण व विशेषता के आधार से उस देवी का नामकरण किया गया तो विशेषताएं सारी आपकी हैं वह परिस्थितियों सारी आपकी हैं। जितनी भी अर्चन, पूजन और गायन की विधियां हैं वो परमात्मा द्वारा किए गए कार्यों की यादगार ही है सिर्फ बिना अर्थ त्योहार मनाना उस त्योहार के साथ पूर्णता न्याय ना होना है। अतः बुराइयों को सदा के लिए स्वयं के जीवन से छोड़ना ही सच्ची नवरात्रि मनाना है। श्रद्धालुओं ने चैतन्य झांकी देख अभिभूत होकर उन्होंने कहा की हम भी राजयोग का अभ्यास कर स्वयं को आत्म सशक्त करेंगे एवं सभी को आत्म सशक्त होने के लिए जागरूक करेंगे। कार्यक्रम में अनु दीदी ने कहा की ऐसी झांकी से हमारे भारत देश की संस्कृति कितनी ऊंची है उसका पता चलता है। इस दौरान अनेक भाई- बहनों ने चैतन्य देवियों के दर्शन कर पुण्य का लाभ लिया।

## नशे की हालत में बेसुध मिले महिला, पुरुष



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

मंगलवार को रात्रि के समय रेल्वे स्टेशन के पार्क में एक महिला और एक पुरुष नशे ही हालत में अचेत अवस्था में पड़े हुए पाए गए। महिला के वस्त्र अस्त व्यस्त थे तथा पास में एक बालक, एक बालिका रो रही थी। जिसे वहां से गुजर रहे लोगों ने देखा। महिला और पुरूष इतने बेसुध थे कि लोगों को लगा कि दोनों ने आत्महत्या कर ली है। इसकी जानकारी थोडी ही देर में नगर में फैल गई। उधर लोगों द्वारा जीआरपी एवं पुलिस को भी सूचना दी गई। सूचना मिलने के बाद पुलिस और आम नागरिक मौके पहुंचे और जांच पड़ताल की तो पता चला कि दोनों महिला पुरूष मृत नहीं हैं और बेहद नशे की हालत में अचेत पड़े हैं। पुलिस ने महिला पुलिस कर्मियों की मदद से अचेत महिला के कपड़े दुरुस्त कर उसे चादर ओड़ाया गया और फिर एम्बुलेंस की मदद से दोनों को उपचार के लिए शासकीय राजीव गांधी जनचिकित्सालय भेजा गया। वहीं बच्चों को महिला के परिजनों को बुलवाकर उनके सुपुर्द किया गया। उधर इस घटनाक्रम के शुरूआत में नगर में सनसनी का माहौल रहा और महिला पुरूष के आत्महत्या की अपुष्ट खबर चर्चा का विषय बनी रही। बाद में सच पता चलने पर लोगों को राहत मिली।

### अभिजीत मुहूर्त में भगवान सीताराम और पंचांग मुहूर्त में जगन्नाथ, सुभद्रा और बलभद्र की हुई प्राण-प्रतिष्ठा

# दिन में अवध और रात में द्वापर बन गया नौलखी धाम



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

नौलखी धाम पर चल रही प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव में बुधवार को कर्क लग्न और अभिजीत मुहूर्त में रामनवमी के पावन मौके पर जब भगवान श्री राम, माता सीता और हनुमान जी के साथ विराजमान हुए तो भगवान की एक झलक पाने के लिए घंटों से इंतजार कर रहे हजारों श्रद्धालु और साधु संत गर्भगृह के पट खुलते ही भगवान की मनमोहक छवि देखते ही भाव विभोर हो गए और उन्हें अयोध्या के कनक भवन में विराजमान सीताराम जी की छवि दिखाई दी। पद्मासन मुद्रा में विराजमान भगवान सीताराम की प्राण प्रतिष्ठा का अनुष्ठान आचार्यों के द्वारा वैदिक मंत्रों के बीच दोपहर 11 बजकर 55 मिनिट से 12 बजकर 48 मिनिट तक चला। वहीं रात्रि को महाप्रभु जगन्नाथ,बहन सुभद्रा और बड़े भाई बलभद्र की प्रतिष्ठा बुधवार को रात्रि 10 बजे से पंचांग मुहूर्त में उड़ीसा जगन्नाथपुरी से आए सात प्रतिष्ठाचार्यों और मुख्य यजमान के द्वारा टिमटिमाते तारे और चंद्रमा की रोशनी में महाप्रभु की गुप्त प्राण प्रतिष्ठा संपन्न कराई गई।

महाप्रभु की प्राण प्रतिष्ठा के समय में रात को किसी अन्य यजमान एवं श्रद्धालुओं का प्रवेश वर्जित कर दिया गया था। भगवान सीताराम और महाप्रभु जगन्नाथ के एक साथ प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव में शामिल संतों ने कहा कि पहली बार हमको यह अद्भुत, दुर्लभ संयोग कई सदियों के बाद आज नौलखी पर देखने मिल रहा है। जब अवध से राम,भार्या सीता और सेवक हनुमान और द्वापर से महाप्रभु के रूप में कन्हैया अपनी बहन और भाई के साथ पधारे हैं। नौलखी पर पूर्व से विराजमान सीताराम और लक्ष्मण जी के पुराने विग्रह की स्थापना सीताराम के नए विग्रह के साथ कराई गई।

ज्ञात हो कि नौलखी धाम पर आयोजित हो रहे धार्मिक महोत्सव में भगवान सीताराम और महाप्रभु जगन्नाथ की प्राण प्रतिष्ठा उड़ीसा, बनारस और अयोध्या से आए वैदिक ब्राह्मणों के द्वारा वैदिक कर्मकांड के साथ पंचांग मुहूर्त में संपन्न हुई। भगवान सीताराम की प्रतिष्ठा महंत राम मनोहरदास महाराज, मुख्य यजमान नरेश गुप्ता, भवानी सिंह चंदेल बींझ, महायज्ञ के मुख्य यजमान राकेश मरखेड़कर, अरविंद दुबे मनैषा ने बनारस से आए प्रधान प्रतिष्ठाचार्य पं मथुरा प्रसाद, उप प्रतिष्ठाचार्य पं केशव शास्त्री, आचार्य सुनील शास्त्री सहित 21 ब्राह्मणों ने संपन्न कराई। जबकि जगन्नाथ पुरी से आए प्रधान प्रतिष्ठाचार्य प्रमोद कुमार सहित साथ आए अन्य ब्राह्मणों के द्वारा मुख्य यजमान मनीष पाठक ने रात्रि के समय पंचांग मुहूर्त में जगन्नाथ महाप्रभु की प्राण प्रतिष्ठा संपन्न कराई। उड़ीसा के आचार्यों ने प्राण प्रतिष्ठा से एक दिन पहले जगन्नाथ महाप्रभु विग्रहों का मंगलवार को गर्भावास, बुधवार को उदय, गौ पूजन और महास्नान के पश्चात अग्नि कोण में मखमल के गद्दों पर शयन कराया। रात्रि 9 बजे के बाद पंचांग मुहूर्त में पुराने विग्रह को साथ रखकर महाप्रभु के नए विग्रहों की जगन्नाथपुरी की परंपरा और वैदिक कर्मकांड विधि से प्राण प्रतिष्ठा संपन्न कराई गई। प्राण प्रतिष्ठा के पश्चात भगवान सीताराम सहित अन्य देव प्रतिमाओं को विभिन्न प्रकार के फलाहार के छप्पन भोग वेद मंत्रों के बीच प्रतिष्ठा के यजमानों ने अर्पित किए। महाप्रभ के राजभोग को जगन्नाथपुरी से आए रसोईया रवि नारायण पंडा द्वारा सुअरा पीठा, खट्टा, सागा भाजा, चावल, नारियल, खीर सहित आठ प्रकार का महाप्रसाद राजभोग व्यंजन लकड़ी की भट्ठियों पर तैयार किए गए। राजभोग तैयार होने के बाद सबसे पहले पार्वती जी को भोग लगाया गया। इसके पश्चात महाप्रभु को राजभोग विशेष रूप से तैयार कराए गए मिट्टी के बर्तनों में और केले के पत्तों पर परोसा गया। भोग सेवा के पश्चात पहले संतों ने सीताराम भगवान की छवि के दर्शन किए उसके बाद प्रतिष्ठा के यजमान सहित यज्ञ में बैठे सभी यजमानों ने एक-एक करके भगवान की छवि के दर्शन किए। भगवान की छवि के मनोहारी दर्शन और श्रृंगार देखकर साधु संत ही मंत्र मुग्ध नहीं हुए यजमानों के अलावा हजारों की संख्या में मौजूद श्रद्धालु भी अपने आप को भाग्यशाली कहने लगे।

## देहात थाना पुलिस ने अड़ीबाज पकड़े





हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में चलाये जा रहे आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु अभियान में सफलता प्राप्त करते हुए थाना प्रभारी देहात हरिकिशन लोहिया के नेतृत्व में धारा 294, 327 आईपीसी 25 आर्म्स एक्ट में दो आरोपी अमन शर्मा उम्र 20 साल निवासी बनवा जागीर, निखिल प्रजापति उम्र 20 साल निवासी पचमा रोड को गिरफ्तार किया गया। जिनको न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। कार्रवाई में देहात थाना प्रभारी हरिकिशन लोहिया, गौरव बाजपेई, दिलीप, वीरेंद्र लोधी, यशपाल निगम, ऋषभ, सौरभ, सचिन की महत्वपूर्ण भूमिका रही। उक्त जानकारी एसडीओपी मनोज मिश्रा ने दी।

### नगरवासियों ने पग-पग पर भगवान श्रीराम की आरती उतारकर की चरण वंदना

# नगर में धूमधाम से मनाया भगवान श्रीराम का जन्म उत्सव, निकाला चल समारोह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज

मर्यादा पुरूषोत्तम भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव पर शहर में भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। नगरवासियों ने जगह-जगह भगवान श्रीराम और उनके भक्तों पर पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया। डी.जे. की धुन में श्रीराम भक्त हिन्दुत्व के भक्तिमय गीतों पर नृत्य करते चल रहे थे। शोभा यात्रा केशरियां और भगवा रंग में रंगी हुई थी। दोपहर एक बजे के आसपास नगर के छत्री नाका चौराहा हनुमान मंदिर परिषर से प्रारंभ हुआ भव्य चल समारोह बामोरा रोड,कस्टम पथ,विद्यार्थी पथ,कठाली बाजार,सराफा बाजार,चांदनी चौक,कोर्ट गेट, राज बाजार,नपा कार्यालय के सामने से,बजारिया,हाजीपुर,बासौदा नाका, लिंक रोड होते हुए पुनः छत्री नाका हनुमान मंदिर पहुंचकर समापन किया गया। इस अवसर पर श्रीराम जन्मोत्सव समिति के सदस्य व बडी संख्या में समाजजन मौजूद रहें।

### भगवान श्रीराम की झांकी रही आर्कषण का केन्द्र

भव्य शोभायात्रा में अयोध्या में विराजमान भगवान श्रीराम भगवान की प्रतिमा का स्वरूप भगवान श्रीराम की झांकी सजाई गई थी जो आर्कषक का केन्द्र रही। वहीं भगवान श्रीराम की झांकी भी सबका मन मोह रही थी। नगरवासियों ने पग पग पर मर्यादा पुरूषोत्तम भगवान श्रीराम की आरती उतारकर चरण वंदना की। भव्य शोभायात्रा की अगवानी कर रहे घोड़ों पर बैठे भगवा ध्वजधारी, बैंड भी इस शोभायात्रा में आकर्षक का केन्द्र बने रहे।

#### जगह-जगह किया भव्य स्वागत

श्रीराम जन्मोत्सव समिति रघुवंशी समाज के नेतृत्व में निकाली गई शोभायात्रा का नगर में जगह-जगह पुष्पा वर्षा कर भव्य स्वागत किया गया। नगर के प्रत्येक चौक-चौराहो पर विभिन्न सामाजिक संगठनों ने शोभायात्रा में पुष्प बर्षाकर स्वागत किया गया। वही मुख्य वाजार में माली समाज द्वारा शोभा यात्रा का भव्य स्वागत किया गया। वही ग्राम पंचायत मुगलसराय में पूर्व सरंपच वीरेन्द्र पालीवाल ने भगवान श्रीराम के पूजा अर्चना कर क्षेत्र की खुशहाली की कामना की।



#### प्रातः निकाली प्रभातफेरी

भगवान के श्रीराम जन्मोत्सव के अवसर पर देवाधिदेव मदन मोहन सरकार के दरबार से सुबह प्रातः 6 बजे से प्रभात फेरी निकाली गई। जो चतुभुज मंदिर,कस्टम पथ,कठाली बाजार,कपडा बाजार,चांदनी चौक,कोर्ट गेट,नपा,काला बाजार से होते हुए पुनः मंदिर परिषर में आकर समापन किया गया। प्रभातफेरी के दौरान श्रद्धालु भजन-कीर्तन करते हुए चल रहे थे। वहीं दिनभर मंदिरों में विभिन्न अनुष्ठान किए गए।

#### रामलला को लगाए छप्पन भोग

विद्यार्थी पथ पर स्थित श्री रामलला सरकार के दरबार में भी बड़े ही धूमधाम के साथ भगवान श्रीराम का जन्मोत्सव मनाया गया। प्रातः से ही मंदिर में विधि विधान पूर्वक पूजा अर्चना की गई। दोपहर में श्री सरकार को छप्पन भोग लगाया गया। इसके बाद महाआरती का आयोजन किया गया। इस अवसर पर श्री रामलला सरकार के दर्शनों के लिए मंदिर में सुबह से लेकर शाम तक भक्तों की भारी भीड़ रही। रामलला सरकार के दरबार में श्रद्धालुओं द्वारा आयोजित छप्पन भोग दर्शन कार्यक्रम में सहभागिता के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु मंदिर पहुंचे और देर शाम तक महाप्रसादी वितरण की गई।

## दो कारों में भिड़ंत, एक नाबालिग की मौके पर मौत 12 लोग घायल



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज

नगर के कुरवाई रोड स्थित बायपास पर मंगलवार की रात्रि 2 बजें के आसपास दो कारो की आमने सामने भिडत हो गई। टक्कर इतनी तेज थी कि दोनो कार निचे खेत में जा गिरी। वही घटना में एक नाबालिग की मौत हो गई। मिली जानकारी अनुसार काले रंग की क्रेटा कार झांसी से सिरोंज की ओर आ रही थी।

इसी बीच सामने से आ रही तूफान गाडी और क्रेटा की जोरदार भिड़त हो गई। घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुची पुलिस ने घायलो को उपचार के लिए शासकीय राजीव गांधी चिकित्सालय भेजा। घटना में लगभग 1 दर्जन लोग घायल हुए। वही पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी।

**समस्याओं पर की चर्चा**

## विदिशा प्रेस क्लब के ब्लॉक अध्यक्ष ने अपने साथियो के साथ जिला कलेक्टर से की सौजन्य भेंट

**सिरोंज**। विदिशा प्रेस क्लब के ब्लॉक अध्यक्ष डॉ वसीम ने अपने साथियो के साथ विदिशा पहुचकर कलेक्टर बुद्धेश कुमार वैद्य से सौजन्य भेट की। इस अवसर पर डॉ वसीम ने कलेक्टर बुद्धेश कुमार वैद्य से त्याहारो से संबधित व पत्रकारो की अनेको समस्याओं को लेकर चर्चा।

वही कलेक्टर ने सभी समस्याओं को ध्यान पूर्वक सुना और पत्रकारो को आने वाली समस्याओ के निराकरण की बात कही। इस दौरान विदिशा प्रेस क्लब के कोषाध्यक्ष मोनिश शाह, पत्रकार वसीम अख्तर इमरान,वाजिद कुरैशी,वाहिद गोरी आदि उपस्थित रहें।

### भारतीय जनता पार्टी के चुनाव प्रचार में जुटे सिरोंज के एडवोकेट कपिल त्यागी

## भाजपा नेता एडवोकेट त्यागी को सागर-विदिशा लोकसभा क्षेत्र की जिम्मेदारी के बाद लगातार कर रहे क्षेत्र का दौरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज

भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ एंव सागर-विदिशा लोकसभा चुनाव के प्रभारी एडवोकेट कपिल त्यागी द्वारा सागर विदिशा लोकसभा क्षेत्र में अपने समर्थकों के साथ पहुंचकर भारतीय जनता पार्टी का तेजी से कार्य किया जा रहा है।

#### पूरे प्रदेश में अधिवक्ताओं की एक टीम है कपिल त्यागी के साथ

उल्लेखनीय है कि विगत दिनों पूर्व भारतीय जनता पार्टी ने एडवोकेट कपिल त्यागी को सागर-विदिशा लोकसभा क्षेत्र का प्रभारी नियुक्त किया था। त्यागी काफी लंबे समय से मध्यप्रदेश अधिवक्ता संघ से जुडे हुए है वह मध्यप्रदेश भाजपा विधि प्रकोष्ठ के सहसंयोजक भी है और उनके पास पूरे प्रदेश में अधिवक्ताओं की एक टीम है।



#### सिरोंज अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष हैं एडवोकेट त्यागी

साथ ही वह सिरोंज अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष है, क्षेत्र में जहां भी एडवोकेट कपिल त्यागी प्रसार-प्रसार करने के लिए पहुचते है तो वहां पर एक युवा अधिवक्ताओ की टीम उनके साथ खडी रहती है।

#### शिवराजसिंह चौहान और लता वानखेड़े हैं प्रत्याशी

भारतीय जनता पार्टी की देश में फिर से सरकार बने और नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री बने तथा देश को नई उन्नतियों पर ले जाया जाए, इस उद्देश्य को लेकर त्यागी चुनाव प्रचार के लिए लगातार क्षेत्र के दौरे पर हैं। इस मौके पर एडवोकेट कपिल त्यागी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी को लोगों का भी भारी स्नेह व प्यार मिल रहा है। बता दें कि विदिशा लोकसभा क्षेत्र से पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान एवं सागर लोकसभा क्षेत्र से लता बानखेडे भारतीय जनता पार्टी की ओर से प्रत्याशी है।

## श्रीराम जानकी रास बिहारी मंदिर में चौरसिया समाज ने धूमधाम से मनाया राम जन्मोत्सव



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज

नगर के छिपेटी बाजार स्थित श्रीराम जानकी रास बिहारी मंदिर में बुधवार को राम जन्मोत्सव बडें ही धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर चौरसिया समाज द्वारा मंदिर में अनेको प्रतियोगिताए आयोजित की गई। साथ ही मंदिर परिसर में विभिन्न प्रकार की रंगोलिया बनाई गई। इस अवसर पर समाजजनों ने उत्साह व उमंग से श्रीराम जन्मोत्सव मनाया। इस मौके पर समाज के अध्यक्ष एडवोकेट पीयूष चौरसिया,उपाध्यक्ष शरद चौरसिया,कोषाध्यक्ष हेमंत चौरसिया,संजीव चौरसिया,गौरव चौरसिया,किशोर चौरसिया,रवि चौरसिया,अनिल चौरसिया,अरुण चौरसिया,छगनलाल चौरसिया, गिरजाशंकर चौरसिया आदि उपस्थित रहे।

## बिना दस्तावेज, बिना लायसेंस और बिना बीमा के दौड़ रहे दोपहिया वाहन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

नगर की सड़कों पर हर पल दो पहिया चार पहिया वाहन दौड़ते नजर आ रहे हैं। नगर एवं क्षेत्र में भारी संख्या में वाहन हैं। परिवहन विभाग द्वारा ड्रायविंग लायसेंस जारी किए हैं या बिना ड्रायविंग लायसेंस वाहनों को सड़कों पर दौड़ाकर स्वयं के साथ अन्यों के जीवन से खिलवाड़ का खेल चल रहा है। थाने के प्रांगण में चोरी के एवं लकड़ी चोरी के दौरान उपयोग एवं घटना दुर्घटना में क्षतिग्रस्त जप्त वाहनों का अंबार लगा नजर आ रहा है। नगर में सभी प्रकार के दो पहिया चार पहिया वाहन एवं ट्रेक्टर विक्रय के भारी संख्या में शोरूम हैं। प्रतिदिन और विशेष पर्व पर भारी संख्या में वाहन खरीदने लोगों की भीड़ का नजारा रहता है। वाहनों की अधिकता में अब कभी कभार ही कोई साइकिल पर नजर आने की स्थिति बन गई है। कृषि प्रधान क्षेत्र में प्रत्येक किसान के घर के सामने ट्रेक्टर ट्राली के साथ एक दो वाहन खड नजर आते है। मध्यम वर्गीय



एवं मजदूर वर्ग के लोग भी अब दो पहिया वाहनों पर सफर करना अधिक पसंद करते हैं।

#### दस्तावेज, लायसेंस जांच के प्रति उदासीनता

नगर एवं क्षेत्र में जिस भारी संख्या में दो पहिया चार पहिया वाहन, ट्रेक्टर है क्या उतनी संख्या में परिवहन विभाग द्वारा ड्रायविंग लायसेंस जारी किए है। परिवहन विभाग द्वारा कुछ वर्षों पूर्व तक बरेली में लायसेंस बनाने केम्प लगाये जाते थे। वाहनों की फिटनेश, जरूरी दस्तावेज, बीमा, ड्रायविंग लायसेंस इत्यादि के प्रति परिवहन विभाग के साथ स्थानीय यातायात पुलिस द्वारा जांच कार्यवाही न किए जाने से सड़कों पर मनमाने ढंग से वाहन दौरान वाले बेफ्रिक बने रहते है। नगर में हमेशा वाहन चोरी की घटनाएं होती हैं। अन्य स्थानों से चोरी किए वाहन बिना नंबर के वाहन जब जांच पकड़ा धकड़ी होती है तब सामने आने की स्थिति बनती है। फोरलेन बायपास के साथ भीड़ भाड़ वाले स्थानों पर वाहन दुर्घटनाएं होती रहती है। पिछले वर्ष थाने में वर्षों से पड़े खड़े वाहनों की नीलामी की गई। पुराने थाने के प्रांगण में दो पहिया, चार पहिया जब्त वाहनों का अम्बार लगा हुआ है। कुछ वाहन तो वर्षों से बारिश धूप में खड़े रहने से पूरी तरह कबाड़ में तब्दील हो गए हैं।

### साप्ताहिक शिवपुराण कथा में जुटेगी श्रद्धालुओं की भीड़, तैयारियां जोरों पर

## शिवधाम धुलतरा में प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव आरंभ, आज निकलेगी भव्य शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ देवरीकलाँ

राष्ट्रीय राजमार्ग 44 पर ग्राम धुलतरा में नवनिर्मित भव्य शिवधाम मंदिर में आरंभ हो रहे प्राणप्रतिष्ठा महोत्सव में को लेकर गुरूवार को देवरी नगर के मुख्य मार्ग से भव्य शोभा यात्रा निकाली जाएगी। 18 अप्रैल से 25 अप्रैल तक चलने वाले इस साप्ताहिक कार्यक्रम में शिवपुराण कथा एवं विभिन्न अनुष्ठानों में संतों का सानिध्य प्राप्त होगा।

प्रतिष्ठित नेमा परिवार द्वारा स्वयं की भूमि पर निर्मित कराये गये इस भव्य मंदिर एवं गार्डन के प्राणप्रतिष्ठा महोत्सव को लेकर क्षेत्रवासियों में उत्साह व्याप्त है। यह पहला अवसर है जब क्षेत्र में 108 शिवलिंग वाले शिवलिंग, शिव परिवार के साथ नवग्रहों की प्राणप्रतिष्ठा की जा रही है। कार्यक्रम के आयोजक दिलीप नेमा ने



बताया कि साप्ताहिक महोत्सव अंतर्गत गुरूवार सुबह देवरी नगर के प्राचीन फूटा शिव मंदिर से होकर भव्य शोभा यात्रा नगर के मुख्य मार्गो से निकाली जाएगी। एवं दोपहर 03 बजे से प्रसिद्ध कथा व्यास आचार्य सतीष अवस्थी के द्वारा शिवपुराण कथाका वाचन किया जाएगा। उन्होने बताया कि दिनांक 19 अप्रेल से अधिवास आरंभ होगा एवं 21 अप्रैल को महंत श्री दामोदर दास एवं संतों के सानिध्य में प्राणप्रतिष्ठा पूजन संपन्न होगा। दिनांक 22 अप्रैल को महाभिषेक हवन एवं 23 अप्रैल को सहस्त्रार्चन अभिषेक आयोजित होगा। 24 अप्रैल को पूर्णाहूति एवं कथा का विश्राम होगा एवं 25 अप्रैल को प्रसाद वितरण भंडारे का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में देवरी नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र से हजारों की संख्या में श्रद्धालु शामिल होंगे।

## व्हाट्सएप, फेसबुक, इंस्टाग्राम पर आपत्तिजनक पोस्ट प्रतिबंधित

**सागर**। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा निर्वाचन-2024 की घोषणा के साथ ही आदर्श आचरण संहिता प्रभावशील हो गई है। निर्वाचन प्रक्रिया में किसी प्रकार का व्यवधान न हो इसके लिए कलेक्टर दीपक आर्य ने गत दिवस आदेश जारी कर जिले में किसी भी प्रकार कि जिसमें वाट्सएप, फेसबुक, इंस्टाग्राम यूजर द्वारा किसी भी प्रकार की आपत्तिजनक पोस्ट जिससे धार्मिक भावना भडके एवं किसी संप्रदाय विशेष की भावना उद्वेलित हो ऐसे पोस्ट को प्रसारित न करे। वाटसएप ग्रुप एडमिन तथा ग्रुप से जुडे यूजर धार्मिक भावना भड़कानें वाले पोस्ट को प्रसारित न करे एवं ग्रुप के यूजर को ऐसा करने से रोके, ग्रुप एडमिन वाटसएप/फेसबुक अन्य सोशल मिडिया प्लेटफार्म पर बनाये गये ग्रुप का मुखिया होता है, यदि उसके ग्रुप का कोई भी सदस्य धार्मिक भावनाओं को ठेस पंहुचाने वाला अथवा संदेश /फोटो/वीडियों डालता है तो ग्रुप एडमिन की जवाबदारी होगी।

## समर्थन मूल्य केंद्रों पर चने की खरीदी शून्य

### समर्थन मूल्य से अधिक भाव पर मंडी में बिक रहा चना, इस बार उत्पादन भी हुआ कम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

प्राकृतिक आपदाताओं के कारण इस वर्ष क्षेत्र में चना के उत्पादन में प्रति एकड़ आधा उत्पादन का नुकसानदायक स्थिति का किसानों को सामना करना पड़ रहा है। क्षेत्र में समर्थन मूल्य पर चना खरीदी के 6 केन्द्र बनाए गए हैं। किसी भी केंद्र पर अभी तक चना की आवक खरीद नहीं हुई है। इसका मुख्य कारण समर्थन मूल्य से अधिक ााव किसानों को मंडी में मिल रहे है। दशकों से यह क्षेत्र चना, तुअर का अत्याधिक उत्पादन बाला क्षेत्र रहा। जैसे जैसे सिंचाई की सुविधा बढ़ी तो तुअर चना का रकवा निरंतर कम होता गया। वर्तमान समय में किसानों द्वारा धान की उपज लेने के बाद चना का रकबा निरंतर कम होता गया। वर्तमान समय में किसानों द्वारा धान की उपज लेने



के बाद चना की खेती की जाती है। सिंचाई सुविधा का लाभ उठा कर किसानों द्वारा वर्ष मों तीन फसलों का उत्पादनप किया जाने लगा है। क्षेत्र में खरीफ में मुख्य फसल बासमती धान की खेती के बाद रवि सीजन में किसानों द्वारा मुख्यरूप से गेहूं की खेती की जाती है। चना, तुअर की खेती करने वाले किसानों की संख्या निरंतर कम होती जा रही है। धान की खेती के बाद हजारों एकड में टमाटर और विभिन्न प्रकार की सब्जियों की खेती किए जाने के प्रति किसानों में भारी रूझान बना हुआ है।

#### समर्थन मूल्य से अधिक मंडी में भाव

चने के उत्पादन में आई गिरावट से जहां किसानों को भारी नुकसान हुआ। परंतु चना के भाव समर्थन मूल्य से अधिक रहने से हुए नुकसान की कुछ भरपाई हो पा रही है। मण्डी में चनपा के भाव 6 हजार रूपये के आसपास बने हुए जबकि चने का सरकारी समर्थन मूल्य 5470 रूपये है। समर्थन मूल्य कम और मण्डी में भाव अधिक होने का सीधा असर समर्थन मूल्य खरीदी केन्द्रों पर बना हुआ है। इसी कारण किसान समर्थन मूल्य पर चना बेचने के प्रति उदासीन और केन्द्रों पर आवक शून्य की स्थिति बनी नजर आ रही है।

## राम जन्मोत्सव पर निकली कलश शोभायात्रा

### शोभायात्रा का किया स्वागत, श्रीराम जी की पूजन, गरबा रहा आकर्षण का केंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

रघुवंशी समाज संगठन , हिउस एवं नगर के अन्य धार्मिक संगठनों संस्थाओं के द्वारा नगर में श्रीराम जन्म उत्सव की धूमधाम के साथ कलश शोभा यात्रा निकाली गई । शोभा यात्रा में सम्मिलत श्रीराम जी की झांकी का स्थान- स्थान पर स्वागत , पूजन धार्मिक श्रद्धालुओं के द्वारा किया गया ।

श्रीरामलीला मैदान स्थित राम दरबार मंदिर से ढोल बाजों , अतिबाजी के साथ कलश शोभा यात्रा प्रारंभ हुई। ध्वज लिए अश्व सवारों के साथ पीली पगडी बांधे विभिन्न संस्थाओं के पद अधिकारी सदस्य और चल समारोह में गरबा खेलती बालिकाएं आकर्षण का केंद्र बनी रही । बाहर से आए नृत्य पार्टी द्वारा विभिन्न धार्मिक गानों , गीतों पर मनमोहक नृत्यों की प्रस्ततुतियां



भी की जाती रही। श्रीराम जन्म उत्सव की निकली शोभायात्रा चल समारोह में कलश लिए महिलााओं की भारी उपस्थित रही । नगर की सभी प्रमुख मार्गो पर भ्रमण के दौरान श्रीराम जी की झांकी, शोभायात्रा का स्थान - स्थान पर स्वागत और धार्मिक श्रद्धालुओं के द्वारा भक्ति भाव के साथ पूजन किया गया। शोभानगर भ्रमण श्रीराम लीला मैदान स्थित श्रीराम दरबार मंदिर पर स्थित समापन के दौरान विशेष आरती पूजन और श्रद्धालओं के बीच प्रसादी का वितरण किया गया।

## रामलला की शोभायात्रा में शामिल मनमोहक झांकियों को देखने सड़क के दोनों तरफ जुटी भीड़

**श्रीरामनवमी पर शहर में शान के साथ निकली श्री राम की भव्य शोभायात्रा**

# प्रभु श्रीराम के जयकारों से गूंजा शहर धूमधाम से मनाया श्रीराम नवमी पर्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

श्री रामनवमी के पावन अवसर पर बुधवार को शहर के गंज बाजार श्री हनुमान मंदिर से शाम 4 बजे से भगवान रामलला सरकार की विशाल शोभायात्रा निकाली गई, जो रामलीला गेट के सामने से होते हुए पुराने शहर में प्रवेश हुई, शोभा यात्रा में बड़ी संख्या में सनातन धर्म प्रेमी उत्साह पूर्वक शामिल हुए। रास्ते में जगह-जगह शोभा यात्रा का भव्य स्वागत किया गया। शोभा यात्रा में शामिल अखाडो के कलाकारों द्वारा हैरतअंगेज कर्तव्य दिखाएं जिन्हें देखने के लिए श्रद्धालुओं की जगह-जगह खासी भीड़ देखी गई।

शोभा यात्रा में शामिल श्रद्धालु भगवा कपड़े पहनकर हाथों में भगवा ध्वज लेकर साथ चल रहे थे, शोभा यात्रा में राम लला सरकार की झांकी एवं श्री राम दरबार, श्री हनुमान जी की विशाल प्रतिमा, दुर्गा वाहिनी की बहने, छत्रपति वीर शिवाजी की झांकी, शोभा यात्रा के दौरान दर्शकों का ध्यान आकर्षित करते दिखाई दे रही थी। राम लला की एक झलक पाने के लिए सड़कों के दोनों तरफ काफी संख्या में लोग अपने घरों से बाहर निकल कर पुष्प वर्षा करते देखे गए। शोभायात्रा पुरानी बस्ती के तिपट्टा बाजार होते हुए श्रीराम जानकी मंदिर, पुराना कोतवाली, चोपड़ा मोहल्ला होकर भोपाल मार्ग पहुंची इस दौरान रास्ते में शोभा यात्रा का लोगो ने पुष्प बरसाकर एवं आतिशबाजी चला कर जोरदार स्वागत किया, शोभायात्रा भोपाल मार्ग कृषि उपज मंडी, नया बस स्टैंड, भोपाल सागर तिराहा देर रात आई जहां श्रद्धालुओं की काफी भीड़भाड़ देखी गई इसके साथ ही शोभा यात्रा में शामिल श्रद्धालु उत्साह के साथ भगवान श्रीराम के जय कारे लगाते हुए साथ चल रहे थे ।

### पुष्पवर्षा कर किया स्वागत

शोभायात्रा में ऐसा लग रहा था मानो अयोध्या में राम लला सरकार की शोभा यात्रा एवं श्री राम जन्मोत्सव मनाया जा रहा हो, शहर की सड़कों पर जगह-जगह पुष्प वर्षा एवं जमकर आतिशबाजी चलाई गई। शोभा यात्रा के दौरान शहर में श्री राम मय माहौल दिखाई दे रहा था शहर में श्री हिंदू उत्सव समिति सहित धार्मिक संगठनों के पदाधिकारियों से लेकर आम नागरिकों ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। शोभायात्रा का समापन देर रात श्री रामलीला मैदान में भगवान श्रीराम लला की महा आरती एवं प्रसादी वितरण के साथ किया गया। इस अवसर पर श्री रामनवमी शोभायात्रा समिति के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता सहित बड़ी संख्या में सनातन धर्म प्रेमी शामिल हुए।



शोभायात्रा में दिखाई दिया श्रीराम मय माहौल



### रामनवमी पर मंदिरों में रही काफी भीड़

*दीवानगंज। नवरात्र के आखिरी दिन और रामनवमी पर दीवानगंज सहित आसपास ग्रामीण इलाकों के मंदिरों में भक्तों को काफी भीड़ लगी रही। सुबह 5 से ही खेड़ापति हनुमान मंदिर दीवानगंज , अंबाड़ी के मढ माता मंदिर, सेमरा के माता मंदिर पर जल चढ़ाने वाले भक्तों की दोपहर तक भीड़ लगी रही। सुबह होते ही मंदिरों में घंटियों और शंख की गूंज सुनाई देने लगी। कतारबद्ध होकर श्रद्धालुओं ने मंदिरों में पूजा अर्चना की। पूरे विधि-विधान के साथ पूजा के बाद प्रसाद वितरण किया गया। गांव में घर-घर कन्याओं को बुलाकर भोजन कराया और पैर पढ़ कर आशीर्वाद लिया। कन्याओं को भेट देकर विदा किया। मंदिरों के पुजारियों ने बताया कि नवमी के दिन सिद्धिदायिनी मां यानी सिद्धियों को देने वाली सिद्धिदात्री का पूजन किया जाता है। ऐसा कहा जाता है कि इनकी आराधना से भक्तों को समस्त सिद्धियां की प्राप्ति होती हैं। क्योंकि इसी दिन मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम का जन्म हुआ था। इसीलिए इसे राम नवमी कहा जाता है और इस दिन को भगवान राम के जन्मोत्सव के रूप में भी मनाया जाता है। खेड़ापति हनुमान मंदिर दीवानगंज इच्छापूर्ति हनुमान मंदिरों, राम जानकी मंदिर, गुफा मंदिर, पुराना गुरुद्वारा मंदिर दीवानगंज अंबाडी के अयोध्या धाम मंदिर, गणेश मंदिर, शिव पार्वती मंदिर, सेमरा के हनुमान मंदिर आदि मंदिरों में नवरात्र में विशेष तैयारियां की गई थी। कई मंदिरों में कन्याओं को भोजन कराया तो कई मंदिरों में भंडारे के आयोजन हो रहे हैं।*

### डीजे-बैंड, बग्गी ने रचा कीर्तिमान

## श्रीराम नवमी पर हिउस के बैनर तले निकाली श्रीराम की भव्य शोभायात्रा

» *पूर्व विधायक रामपाल सिंह हुए शामिल, पूजा-अर्चना कर दी बधाई*



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलवानी

चैत्र नवरात्रि के नवम दिन रामनवमी का पर्व मनाया गया, दोपहर में शोभायात्रा निकाली गई, इसके पूर्व नवम देवी माँ सिद्वीदात्री की विधि विधान के साथ पूजा अर्चना की, देवी मंदिरो व घरो में देवी भक्तो के द्वारा माता का श्रृंगार किया तथा विभिन्न सामग्री से पूजा अर्चना की। नवरात्रि की समाप्ति पर ज्वारो का भी विसर्जन किया गया। नवरत्रि के नवम दिन बुधवार को नगर व अंचल में राम नवमी का पर्व उत्साह के साथ मनाया गया। लोगो ने एक दूसरे को राम नवमी की शुभकामनाए दी। राम नवमी के अवसर पर नगर में दोपहर के समय चिलचिलाती गर्मी में मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम की शोभायात्रा निकाली गई।

रघुवंशी समाज, सर्व सनातन समाज द्वारा हिउस समिति के बैनर तले में श्रीरामनवमी पर शोभायात्रा जमुनियापुरा स्थित प्राचीन श्रीराम मंदिर से निकाली गई। जो कि शनिचरा मौहल्ला, होली चौक, बुधवारा बाजार, आजाद मार्केट, समैया मार्केट, गांधी चौक से गुजरती हुई बजरंग चौराहा स्थित अनगढ़ हनुमान मंदिर पहुंची। शोभायात्रा में भगवान श्रीराम के चित्र को एक रथ में सजा कर रखा गया था। जिसकी अनेको स्थानो पर श्रद्वालुओ ने पूजा अर्चना की। शोभायात्रा में पूर्व केबिनेट मंत्री रामपाल सिंह भी शामिल हुए। शोभायात्रा के गांधी चौक पहुचने पर नायक प्रतिष्ठान के सामने पूर्व कैबिनेट मंत्री रामपाल सिंह ने भगवान श्रीराम के चित्र की पूजा अर्चना कर सुख समृद्वि की कामना की तथा नागरिको को श्रीराम नवमी की शुभकामना दी।


इसके अतिरिक्त रघुवंशी समाज अध्यक्ष राममोहन रघुवंषी, भाजपा मंडल अध्यक्ष विजय शुक्ला, नप अध्यक्ष प्रतिनिधि विभोर नायक, हिउस अध्यक्ष रानू सोनी आदि श्रद्वालुओ ने भगवान श्रीराम के चित्र की पूजा अर्चना कर आरती उतारी। शोभायात्रा का नागरिकों ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया इसके अतिरिक्त शोभायात्रा में शामिल डीजे पर बज रहे भक्ति गीतो पर युवा नृत्य कर रहे थे। शोभायात्रा के दौरान पूरे समय पुलिस अलर्ट पर रही। आंचल में भी राम नवमी का पर्व परंपरागत उत्साह के साथ मनाया गया।

# 11 घोड़ा बग्गी में श्री राम का नगर भ्रमण

## डीजे-बैंड व घोड़ा बग्गी संगठन ने कीर्तिमान रचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बाड़ी

रामनवमी पर दोपहर 12 बजे से ही भए प्रगट कृपाला दीन दयाला की स्तुति हर मंदिर में गूंजी संगठन ने रामनवमी महोत्सव पर 3 किलोमीटर लंबी शोभा यात्रा आकर्षण का केंद्र बिंदु रही। बाल स्वरूप हनुमान मंदिर यहां हनुमान जी महाराज विराजमान होने से इस मंदिर का नाम बालाजी धाम पड़ा यहां पर मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम की शुभारंभ आरती के साथ तिलक एवं भए प्रगट कृपाला के महामंत्र के साथ यात्रा प्रारंभ हुई जो वजीरगंज कॉलोनी, नया बस स्टैंड, चिंतामन चौराहा, हनुमान मंदिर से होती हुई मंगलवार बाजार पहुंची इस शोभायात्रा में कलाकारों द्वारा मनमोहक प्रस्तुति की गई।



20 बैंड बाजा से भगवान श्री राम की अगवानी हुई भगवान श्रीराम की प्रतिमा को बैठाया गया जो जन आकर्षक का केंद्र बिंदु बनी रही। यूपी के बाहुबली हनुमान जी महाराज की प्रस्तुति का नजारा मनमोहक रहा भोपाल के कलाकारों द्वारा शिव तांडव की मनमोहक प्रस्तुति की सड़क के दोनों किनारे लोग भारी संख्या में उपस्थित थे और शोभा यात्रा की अगवानी कर रहे थे श्री राम के जन्म उत्सव शोभा यात्रा का नजारा देखते ही बन रहा था धार्मिक कीर्तन भजन मंडल अपनी प्रस्तुति दे रहे थे तो आयोजन सफल आयोजन के लिए गदगद थे।

इस शोभायात्रा में पूरा वातावरण राममय नजर आया समापन स्थल मारुति हनुमान मंदिर में यात्रा का समापन हुआ महा आरती श्रीराम वंदना के साथ महाप्रसादी का वितरण किया। आज 6 बजे से 10 बजे तक पूरे नगर का वातावरण इस तरीके से देखा गया।

### जनरल ऑब्जर्वर ने मतदान केन्द्रों का किया निरीक्षण

**रायसेन।** विधानसभा उदयपुरा हेतु नियुक्त जनरल ऑब्जर्वर आईएएस डॉ प्रीतम बी.यशवंत ने मंगलवार को उदयपुरा विधानसभा अंतर्गत ग्राम नानपोन तथा सिलगेना में मतदान केन्द्र का निरीक्षण किया। उन्होंने उपस्थित अधिकारियों को मतदान केन्द्रों में निर्वाचन आयोग की गाइडलाइन अनुसार सभी जरूरी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जनरल ऑब्जर्वर डॉ प्रीतम बी.यशवंत ने कहा कि गर्मी को देखते हुये मतदान केंद्रों पर मतदान के दौरान टेंट, मेडिकल किट और पानी जैसी जरूरी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाए। मतदान केन्द्रों के निरीक्षण के उपरांत उन्होंने दिग्वाड एसएसटी चेक प्वाइंट का भी निरीक्षण किया।

# धूमधाम से मनाया श्रीराम का जन्मोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गैरतगंज

नगर गैरतगंज में अयोध्या नरेश श्रीराम का जन्मोत्सव बडे ही धूम-धाम एवं हर्षोउल्लास से मनाया गया इस अवसर पर हिन्दू उत्सव समिति एवं सनातन प्रेमियों द्वारा किसानी मोहल्ला बगीचा स्थित श्री हनुमान मंदिर से विशाल राम जी की शोभा यात्रा डीजे अखाडो के साथ रथ यात्रा निकाली गई।



शोभायात्रा नगर के किसानी मोहल्ला, बाजार चोक, बस स्टेड आदि मुख्य मार्गों से होते हुए टेकापार हनुमान मंदिर पहुंची जहाँ पर भगवान श्रीराम का जन्मोत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया। शोभायात्रा के दौरान नगर के विभिन्न इलाकों में सनातन प्रेमियों सहित सनातन व्यापार महासंघ, सनातन सेवा समिति के साथ-साथ मुस्लिम त्योहारों कमेटी के अध्यक्ष आसिफ कुरैशी के साथ में अनेक युवाओं ने यात्रा मे शामिल बरिष्ट समाज सेवीयो का स्वागत किया। शोभायात्रा के दौरान हिन्दू उत्सव समिति अध्यक्ष देवेन्द्र पटेल, नप अध्यक्ष जिनेश सिंघई, बरिष्ट समाज सेवी जवाहर चन्द्रवंशी, महेन्द्र तिवारी, सुरेशचंद नायक, घनश्याम शर्मा, भागचन्द जयनानी, मनीष शर्मा, राजेश साहू मामा, पत्रकार नरेन्द्र साहू, देवेन्द्र तिवारी, कांशीराम अहिरवार, सहित भारी संख्या में धर्म प्रेमी एवं नगर वासी शामिल रहे।

# ऑटों में सवार परिवार को बोलेरों ने मारी टक्कर, एक की मौत, 7 घायल

## जाखा पुल के पास हुआ हादसा, माता पूजन कर लौट रहा परिवार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

माता पूजन कर भोपाल जा रहे एक परिवार के ऑटो को बोलेरो ने टक्कर मार दी, जिससे सवारी ऑटो सड़क पर पलट गया। ऑटो में सवार 8 लोग घायल हो गए, जिसमें से एक की मौत हो गई। घटना बुधवार दोपहर भोपाल रोड जाखा पुल के पास की है।

जानकारी के मुताबिक भोपाल के अयोध्या नगर निवासी गुड्डी बाई, अतुल रावत, श्यामलाल रावत, बाबू, विमला, सुमित रावत, ऑटो चालक बादल,नारायण, होली लाल, रायसेन के चिलवाहा में मंगलवार को अष्टमी पर कुलदेवी की पूजा करने आए थे। बुधवार दोपहर को वापसी के समय जाखा पुल के पास भोपाल की ओर से आ रही एक बोलेरो ने ओवरटेक करते हुए उनके ऑटो को टक्कर मार दी।



### घायलों को देखने अस्पताल पहुंचे कलेक्टर

*घटना की सूचना मिलते ही कलेक्टर अरविंद दुबे सहित प्रशासनिक अधिकारी जिला अस्पताल पहुंचे। घायलों से घटना के विषय में जानकारी ली गई। घायलों ने कलेक्टर अरविंद दुबे को बताया भोपाल रोड पर उनके ऑटो को एक बोलेरो ने टक्कर मारी है सभी लोग एक ही परिवार के थे जो अपनी कुलदेवी की पूजा-अर्चना करने चिलवाह आए थे।*

# दिल्ली से आई टीम ने मुड़ियाखेड़ा स्वास्थ्य केंद्र का किया निरीक्षण, मरीजों से बात कर जानी हकीकत

- 3 घंटे तक अस्पताल में रही दिल्ली से आई 3 सदस्यीय टीम
- प्रदेश एवं जिले के स्वास्थ्य अधिकारी मौके पर रहे मौजूद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सलामतपुर/दीवानगंज

मंगलवार को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मुड़ियाखेड़ा एवं खोहा उपस्वास्थ्य केंद्र में दिल्ली से आई तीन सदस्यीय टीम ने निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायज़ा लिया। इस दौरान अस्पताल में ईलाज कराने आए मरीज़ों से चर्चा की और उनसे पूछा कि आपको समय पर समुचित ईलाज मुहैया होता है कि नहीं। और दवाइयां वगैरह मिलती है की नहीं।

मरीज़ों ने बताया कि अस्पताल में समय पर दवाइयां और ईलाज मिल जाता है। वहीं टीम ने सलामतपुर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी मेडिकल ऑफिसर डॉ सुरेश यादव से बातचीत कर अस्पताल में मिलने वाली सुविधाओं जिनमें कैसे इलाज किया जाता है। कितनी जांचे अस्पताल में होती है। और प्रतिदिन कितने मरीज अस्पताल में इलाज करवाने आते हैं सहित अन्य सुविधाओं के बारे में विस्तार से चर्चा की।

निरीक्षण में दिल्ली से आए वेब इन्फॉर्मेशन मैनेजर डॉ रघुराम राव एडीडीजी और नेशनल हेल्थ सिस्टम रिसोर्स सेंटर टीम में डॉक्टर प्रकमया गुप्ता, डॉक्टर निकिता मिश्रा के साथ जिले से सीएमएचओ डॉ दिनेश खत्री, डीएचओ डॉक्टर यशपाल बाल्यान, डीपीएम शिखा, डीआर डॉ आरती गैंगवार, डीपीएम डॉ शिखा सरागवी, सांची सीबीएमओ डॉ स्मृति चौहान, डॉ पीयूष गुप्ता, बीपीएम अंजू बलवंशी आदि रहे मौजूद।



### टीम ने अस्पताल में मिलने वाली पूरी सुविधाओं की जानकारी

*मंगलवार को एनएचएसआरसी एवं वेब इन्फॉर्मेशन विभाग दिल्ली से आई तीन सदस्यीय टीम के साथ जिले के स्वास्थ्य अधिकारी भी मौजूद थे। टीम ने अस्पताल में मिलने वाली पूरी सुविधाओं जिनमें कोल्ड चैन, लेब रूम, टीवी मरीज़ की जानकारी, लेबर रूम, बीपी, शुगर के मरीजों की जानकारी, सहित गर्भवती महिलाओं के बारे में विस्तार से जानकारी ली। टीम ने लगभग दो से तीन घंटे तक अस्पताल में निरीक्षण कर मरीज़ों से स्वास्थ्य संबंधी जानकारी ली और उन्होंने अस्पताल में मिलने वाली व्यवस्थाओं की जमकर सराहना की।*

*- **डॉ सुरेश यादव**, प्रभारी मेडिकल ऑफिसर प्रा. स्वा.केंद्र मुड़ियाखेड़ा।*

### दिल्ली की टीम ने 2 स्वास्थ्य केंद्रों पर किया निरीक्षण

टीम ने मुड़ियाखेड़ा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के साथ ही उपस्वास्थ्य केंद्र खोहा में भी निरीक्षण किया। टीम ने निरीक्षण के दौरान कोल्ड चैन, लेब रूम, टीवी मरीज़ की जानकारी, लेबर रूम, बीपी, शुगर के मरीज़ों की जानकारी, सहित गर्भवती महिलाओं की समय से जांचों के बारे में जानकारी ली। गौरतलब है कि मुड़यिाखेड़ा अस्पताल में आसपास क्षेत्र के लगभग बीस से तीस गांव के ग्रामीण अपना इलाज कराने आते हैं। यह प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र आसपास क्षेत्र का बड़ा अस्पताल है।